# गेल को लागत प्रबंधन पुरस्कार

नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो : प्रमुख सरकारी नवरत्न कंपनी गेल इंडिया को इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीडब्ल्यूएआइ) से लागत प्रबंधन के लिए एक्सीलेंस अवार्ड मिला है।

कंपनी के निदेशक (वित्त) पीके. जैन ने यह पुरस्कार कॉरपोरेट मामलों के मंत्री वीरप्पा मोइली से प्राप्त किया। इस मौके पर पेट्रोलियम व गैस राज्य मंत्री आर.पी.एन. सिंह और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिव डीके. मित्तल भी मौजूद थे। गेल को यह पुरस्कार लगातार सातवीं बार मिला है। इस साल गेल की केजी बेसिन और विजाग-सिकंदराबाद एलपीजी पाइपलाइन ने सार्वजनिक क्षेत्र की मैन्यूफैक्चरिंग इकाई के वर्ग में पहला और दूसरा पुरस्कार हासिल किया है।




गेल इंडिया के निदेशक (वित्त) पीके. जैन (बाएं से तीसरे) कॉरपोरेट मंत्री वीरप्पा मोइली से पुरस्कार प्राप्त करते हुए। प्रेट्र